**भारत सरकार**

**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं० 3379**

**दिनांक 26.03.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए**

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति

3379. श्री वीर सिंहः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करने के लिए कोई परियोजना लाने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो इस परियोजना के अंतर्गत शामिल होने की संभावना वाले जिलों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इसके कब तक कार्यान्वित होने की संभावना है, उत्तर–प्रदेश सहित तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री एस. एस. अहलूवालिया)**

(क) से (ग) मंत्रालय ने 2017-2030 के लिए रणनीतिक लक्ष्य तैयार किया है जिसमें मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक “हर घर जल” प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है अर्थात् राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों के जरिए प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। संयुक्त राष्ट्र स्थायी विकास लक्ष्य (एसडीजी)-2030 पर सहमति देते समय अंतर्राष्ट्रीय मंच में देश द्वारा की गई प्रतिबद्धता का सम्मान करने के लिए अंततः वर्ष 2030 तक ग्रामीण आबादी को नल जल आपूर्ति और घरेलू कनेक्शन द्वारा कवरेज प्रदान करने का लक्ष्य है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने दिनांक 10.11.2017 को राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) का पुनर्गठन किया है ताकि इसे प्रतिस्पर्धी. लक्ष्य आधारित और परिणाम उन्मुख बनाया जा सके जिससे उन सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में अंतिम लक्ष्य की प्राप्ति में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत, पूर्णतया कवर बसावटों (अर्थात 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से अधिक स्वच्छ पेयजल प्राप्त करने वाली), आंशिक रूप से कवर बसावटों (अर्थात 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से कम स्वच्छ पेयजल प्राप्त करने वाली) और गुणवत्ता प्रभावित बसावटों (अर्थात कम से कम एक संदूषक वाला पेयजल) के संबंध में ग्रामीण जल आपूर्ति कवरेज संबंधी सूचना का रखरखाव किया जाता है। मंत्रालय की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्यों द्वारा प्रविष्ट सूचना के अनुसार, इससे संबंधित राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** पर दिया गया है।

**अनुलग्नक**

**26.03.2018 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3379 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**दिनांक 21.03.2018 की स्थिति के अनुसार पेयजलापूर्ति के संबंध में ग्रामीण बसावटों की स्थिति**

| क्र.सं. | राज्य | बसावटों की कुल संख्या | पूर्ण रूप से कवर की गई बसावटों की संख्या | आंशिक रूप से कवर की गई बसावटों की संख्या | गुणवत्ता प्रभावित बसावटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार | 400 | 324 | 76 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 48363 | 33434 | 14512 | 417 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 7582 | 2922 | 4629 | 31 |
| 4 | असम | 88099 | 52841 | 24239 | 11019 |
| 5 | बिहार | 110234 | 67395 | 38627 | 4212 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 74685 | 70510 | 3013 | 1162 |
| 7 | गोवा | 347 | 345 | 2 | 0 |
| 8 | गुजरात | 36066 | 36065 | 1 | 0 |
| 9 | हरियाणा | 7948 | 7610 | 211 | 127 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 53604 | 43015 | 10589 | 0 |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | 15958 | 9002 | 6940 | 16 |
| 12 | झारखंड | 120764 | 117045 | 894 | 2825 |
| 13 | कर्नाटक | 60248 | 25282 | 33947 | 1019 |
| 14 | केरल | 21551 | 4943 | 16247 | 361 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 128061 | 127797 | 78 | 186 |
| 16 | महाराष्ट्र | 99732 | 87232 | 12228 | 272 |
| 17 | मणिपुर | 3788 | 2237 | 1551 | 0 |
| 18 | मेघालय | 10475 | 1786 | 8657 | 32 |
| 19 | मिजोरम | 738 | 472 | 266 | 0 |
| 20 | नागालैंड | 1452 | 680 | 742 | 30 |
| 21 | ओडिशा | 157773 | 139191 | 15558 | 3024 |
| 22 | पुडुचेरी | 266 | 153 | 113 | 0 |
| 23 | पंजाब | 15384 | 10116 | 1742 | 3526 |
| 24 | राजस्थान | 121648 | 56750 | 45241 | 19657 |
| 25 | सिक्किम | 2084 | 755 | 1329 | 0 |
| 26 | तमिलनाडु | 100204 | 93642 | 6369 | 193 |
| 27 | तेलंगाना | 24562 | 14017 | 9501 | 1044 |
| 28 | त्रिपुरा | 8723 | 4587 | 1598 | 2538 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 260027 | 256303 | 2345 | 1379 |
| 30 | उत्तराखंड | 39360 | 22315 | 17029 | 16 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 105905 | 52230 | 35769 | 17906 |
| **Total** | | **1726031** | **1340996** | **314043** | **70992** |

स्रोत: आईएमआईएस फॉर्मेट सी 17